# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 13.11.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 13.11.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओं एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी,क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जय करन सिंह के पर्यवेक्षण में थाना रैपुरा व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा 04 अन्तर्राज्जीय गांजा तस्करों 14.350 किलो ग्राम सूखा गांजा नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया।

**अभियुक्त का विवरण-**

1. नरसिंह खेलो पुत्र सदन किलो निवासी ग्राम मंत्रियम बैंपारी गुड़ा कोरापुट ओडीशा
2. अत्रू हंटल पुत्र बुद्धू हंटल निवासी नुवा गुड़ा मातली मलकानगिरी उड़ीसा
3. शंकर हरिजन पुत्र राजकुमार हरिजन निवासी कुमिली रायघर नवरंगपुर उड़ीसा
4. दशरथ चीनम पुत्र साधु चिन्नम निवासी डब्बा जोड़ी मातली मलकानगिरी उड़ीसा

**बरामदगी-**

1. 14.350 ग्राम गांजा

**संक्षिप्त विवरण-**

उल्लेखनीय है कि आज दिनाँक 13.11.2024 को दिन में लगभग 01.33 बजे थाना रैपुरा व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर नयाचन्द्रा मोड़ सरैया रोड़ बहद ग्राम नयाचन्द्रा के पास से अभियुक्त 1. नरसिंह खिल्लों पुत्र सदन खिल्लो निवासी ग्राम मंत्रीयाम बोईपरि गुणा जनपद कोरापुट उड़ीसा 2. अत्रु हन्तल पुत्र बुदू हन्तल निवासी नुवागुड़ा थाना मतिलि जनपद मालकानगिरी उड़ीसा 3. शंकर हरिजन पुत्र राजकुमार हरिजन निवासी कुमली थाना रायघर जनपद नबरंगपुर उड़ीसा 4. दशरथ चिनम पुत्र साधु चिनम निवासी डब्बा जोड़ी मतिली जनपद मालकानगिरी उड़ीसा को गिरफ्तार किया गया। जामातलाशी से अभियुक्तों के कब्जे से 14.350 ग्राम सूखा नाजायज गांजा बरामद हुआ।

अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो बताए कि हम लोग उडीसा के रहने वाले है,गांजा की सप्लाई करते है हम लोगों के पास जो बैंग है उनमें सूखा गांजा भरा हुआ है। बमामदशुदा गांजे की बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रैपुरा पर धारा 8/ 20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली एसओजी/थाना पुलिस टीम-**

**प्रथम टीम-**

1.उ0नि0 श्री दिनेश कुमार पांडेय थाना रैपुरा
2.उ0नि0 श्री मोहम्मद जुबेर खान थाना रैपुरा
3.आरक्षी आकाश सेन
4.आरक्षी उत्तम सिंह
5.आरक्षी चालक पवन यादव

**द्वितीय टीम-**

1.मुख्य आरक्षी नितेश समाधिया
2.आरक्षी रोहित सिंह
3.आरक्षी ज्ञानेश मिश्रा
4. आरक्षी राघवेंद्र सिंह
5. आरक्षी पवन कुमार

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण एवं ब्रिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री आशुतोष तिवारी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री शिवमणि मिश्रा व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त दिनेश कुमार यादव पुत्र इन्द्रपाल यादव निवासी ग्राम धौरहरा थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को 12 अदद टेट्रा पैक अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सरधुवा पर धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1.उ0नि0 श्री शिवमणि मिश्रा थाना सरधुवा

2.आरक्षी धर्मेन्द्र